मलेरणा में हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

आज दिनांक 16 अप्रैल 2022 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की यूथ रेड क्रॉस इकाइयों द्वारा एस.एस.बी हृदय और मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल फरीदाबाद के सहयोग से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गांव मलेरणा में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में हृदय रोग, हड्डी रोग ,महिला रोग, मधुमेह, ई.सी.जी और रक्तचाप जैसी बीमारियों की जांच की गई । शिविर में 146 लोगों ने अपने विभिन्न रोगों की जांच करवाई । शिविर का आयोजन मलेरणा गांव में स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में किया गया । नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन के पीछे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत जी का लक्ष्य उन लोगों की मदद करना है जो धन के अभाव के कारण अपनी बीमारियों की जांच नहीं करा पाते व उपयुक्त इलाज से वंचित रह जाते हैं । प्राचार्य जी नर सेवा को ही नारायण सेवा मानते हैं व हमेशा छात्र-छात्राओं को भी समाज में सेवा के लिए प्रेरित करते रहते हैं , प्राचार्य जी ने शिविर के आयोजन में सहयोग के लिए एस.एस.बी हृदय व मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल से आए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन ,हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रशांत, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ.कूगरी जी, अस्पताल के चीफ जनरल मैनेजर मार्केटिंग श्री योगेश शर्मा, व मैनेजर मार्केटिंग पारस भाटिया जी, राजकीय मलेरणा स्कूल के मुख्य अध्यापक श्री समर देशवाल ,श्री संजय वशिष्ट ,श्री संत हुड्डा, श्री कृष्ण ,श्री राकेश व अन्य सभी अध्यापकों का धन्यवाद किया । इस अवसर पर समाजसेवी श्री सुखबीर मलेरणा उपस्थित रहे । शिविर के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी ने यूथ रेड क्रॉस कोऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह रेडक्रॉस की दूसरी इकाई के काउंसलर श्री सुभाष व तीसरी इकाई

के काउंसलर श्री लवकेश व समस्त एस.एस.बी अस्पताल फरीदाबाद की टीम को बधाई दी ।